पत्रांक–9A / विविध (आई०टी०)–01–01 / 2025–..............................(9 A) / रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

जय सिंह,
सचिव।

सेवा में,

ई–मेल

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–..............................

विषय :– आम रैयतों को वसुधा केन्द्र (Common Service Centre) के माध्यम से सुविधा उपलब्ध कराने क संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–46(8), दिनांक–24.01.2019 एवं पत्रांक–1754(9), दिनांक–11.07.2024

महाशय,

आप अवगत है कि राज्य के सभी अंचलों में ऑनलाईन के माध्यम से भू–मापी, परिमार्जन, SMS अलर्ट सेवा तथा भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (LPC) हेतु आवेदन करने की सुविधा प्रारम्भ की गई है। विभाग द्वारा ऑनलाईन माध्यम से उक्त सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त पंचायत में कार्यरत वसुधा केन्द्र (Common Service Centre) को प्राधिकृत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रासंगिक पत्रों द्वारा आम रैयतों को वसुधा केन्द्र (Common Service Centre) के माध्यम से ऑनलाईन पंजी–II देखने, दाखिल–खारिज आवेदन जमा करने, लगान भुगतान, भू–मापी, SMS Alert, परिमार्जन एवं भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (LPC) प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन किये जाने की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है।

इसी क्रम में आम रैयतों को वसुधा केन्द्र के माध्यम से राजस्व न्यायालय में वाद दायर करने तथा भू–अभिलेख पोर्टल से अभिप्रमाणित प्रति प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की सुविधा निम्नलिखित दर पर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है :–

| क्र0 | सेवा का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1 | राजस्व न्यायालय में वाद दायर करना (RCMS के तहत) | 40 रूपये प्रति आवेदन (जी0एस0टी / टैक्स अतिरिक्त) + स्कैनिंग शुल्क–1.50 रूपये प्रति अतिरिक्त पृष्ठ। |
| 2 | भू–अभिलेख पोर्टल से अभिप्रमाणित प्रप्ति करने हेतु आवेदन | 20 रूपये प्रति दस्तावेज (Document) (जी0एस0टी / टैक्स अतिरिक्त) + CSC द्वारा निर्धारित छपायी (Printing) शुल्क |

कृ0पृ0उ0

अतएव अनुरोध है कि जिलों में कार्यरत वसुधा केन्द्र (Common Service Centre) संचालकों को उक्त विभागीय निर्णय से अवगत कराते हुए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाय साथ ही उक्त सुविधा की जानकारी आम रैयतों को उपलब्ध कराने हेतु स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार–प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

ह०/–
(जय सिंह),
सचिव।

ई–मेल

ज्ञापांकः–9A/विविध (आई०टी०)–01–01/2025–..............(9A)/रा0,दिनांक..............
प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
(जय सिंह),
सचिव।

निबंधित

ज्ञापांकः–9A/विविध (आई०टी०)–01–01/2025–..............(9A)/रा0, दिनांक..............
प्रतिलिपिः– State Head Bihar, CSC e-Governance Services India Ltd. अपोजिट हाईटेक इमरजेन्सी हॉस्पीटल, एस0 के0 पैलेस, चौथा तल्ला, नियर सगुना मोड़, दानापुर, पटना–801503 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांकः–9A/विविध (आई०टी०)–01–01/2025–..............(9A)/रा0,दिनांक..............
प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांकः–9A/विविध (आई०टी०)–01–01/2025–349 (9A)/रा0, दिनांक 04-02-2025
प्रतिलिपिः– विभागीय आई0 टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(जय सिंह),
सचिव। 4/2/25

E:\2025\9A\Circular\CSC 3.docx